## पुलिस का सहयोग करने का निर्णय लिया

**सादुलपुर**, (निसं)। सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान उपखंड सादुलपुर और तारानगर की बैठक बुधवार को मांगेराम जांगिड सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक की अध्यक्षता में हुई। विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित बैठक में थाना अधिकारी पुर्ष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने आभार जताते हुए सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की। संस्था अध्यक्ष मांगेराम जांगिड ने थाना अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह झाझडिया से कहा कि विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेश हैं कि सीएलजी मीटिंग में सेवानिवृत पुलिस की सदस्यता भागीदारी रखी जावे। ताकि आपसी ताल मेल के साथ सहयोग की भावना से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने रखने में मदद हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल ने सेवानिवृत अधिकारियों से शिक्षित समाज निर्माण में भागीदारी निभाने पर बल दिया। बैठक में प्रताप केडिया, शिवचंद पचार व नियाज मोहम्मद ने संस्था विकास में हर संभव सहयोग तथा कार्यालय के लिए भूमि आवंटन का आश्वासन दिया। बैठक में सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों की समस्याओं रिकॉर्ड में गलतियों को सुधारने आदि समस्याओं का समाधान करने का भी निर्णय लिया गया। तथा राज्य सरकार की ओर से कर्मचारियों की मांगों का और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर न्यायालय का सहारा लेने का निर्णय किया गया।

# अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

### सादुलपुर शहर में अनेक स्थानों पर संचालित कैफे पर दबिश दी

**सादुलपुर**, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने शहर में अनेक स्थानों पर चल रहे कैफे में अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर बुधवार को दबिश देकर कार्रवाई की तथा कैफे संचालकों को चेतावनी दी कि जांच के दौरान अवैध गतिविधि संचालित पाई गई तो संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

■ **एक दर्जन नाबालिक युवकों को पाबंद किया**

थाना अधिकारी पुर्ष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल तथा आईपीएस प्रशांत किरण के सुपरविजन में शहर में चल रहे अनेक स्थानों पर कैफे में पुलिस ने टीम बनाकर दबिश दी। जांच में पाया कि विभिन कैफे में केबिन बने हुए थे तथा लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया जो नाबालिक थे। पुलिस ने सभी नाबालिकों को समझाकर एवं उनके नाम पते मोबाइल नम्बर आदि रिकार्ड लेकर पूछताछ की। थाना अधिकारी ने बताया कि सभी युवक नाबालिग होने के कारण उनको पाबंद करने की कार्रवाई की गई तथा भविष्य में पुन: कैफे में पाए जाने पर युवकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा कैफे संचालकों को पुलिस ने पाबंद कर चेतावनी दी की। चेतावनी दी है कि कैफे संचालन करने की आड में किसी भी अनैतिक और अवांछित गतिविधि पाई गई तो पुलिस मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई करेगी। थाना अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह झाझडिया ने बताया कि अभियान अंतर्गत कैफे संचालको कैफे में प्लाई लगाकर बनाए गए केबिन को हटाने, लाइसेंस के नियम अनुसार कार्रवाई करने तथा नाबालिकों को बिना किसी आई डी के रूम देने की शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।



अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने शहर में संचालित कई कैफे पर कार्रवाई की।

## 64 वां केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर

**चूरू**, (कासं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर के खेल सचिव सोहन राम चौधरी के मार्ग निर्देश में 64वां केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आबू पर्वत सिरोही/जयपुर एवं केन्द्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर बांसवाडा में माह मई-जून 2024 से प्रारम्भ होंगे। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया कि आबू पर्वत में हैण्डबाल, बास्केटबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, तीरन्दाजी में बालक/बालिक वर्ग, जयपुर में वॉलीबाल, फुटबाल, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, जूडो, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, भारोतोलन, खो-खो में बालक/बालिका वर्ग, बांसवाडा में वॉलीबाल, तीरन्दाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, खो-खो, फुटबाल, हैण्डबाल में बालक/बालिका व बास्केटबाल में केवल बालक वर्ग में आयोजित की जायेगी।इच्छुक प्रतिभावान खिलाडी अपना आवेदन फार्म 17 मई 2024 तक जिला स्टेडियम कार्यालय चूरू में जमा करवा सकते हैं। खिलाडियों की आयु सीमा 31 मई 2024 तक 14 एवं 17 वर्ष से कम होनी चाहिए। खिलाडियों को आयु प्रमाण-पत्र, स्कूल का प्रमाण-पत्र या सरपंच द्वारा जारी प्रमाण-पत्र साथ में लगाना अनिवार्य है। राज्य स्तर पर पदक प्राप्त या भाग लिये हुये खिलाडी, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी अपने प्रमाण-पत्र की फोटो प्रति फार्म के साथ संलग्न कर आवेदन कर सकते है।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं का सम्मान किया




**चूरू**, (कासं)। जिला मुख्यालय पर जयपुर रोड़ स्थित जामिया अरबिया इस्लामिया दारुल उलूम शिक्षण संस्थान में मंगलवार देर शाम सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महमूद अली राणा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था उपाध्यक्ष हाजी याकूब थीम ने की। कार्यक्रम में 18 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिन्ह् व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महमूद अली राणा ने संस्था में विद्यार्थियों के लिए 50 बेंच भेंट की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इंसानियत एकता सेवा समिति के संस्थापक करामत खान ने कहा कि शिक्षा से ही हम तरक्की के मार्ग की ओर अग्रसर हो सकते हैं। शिक्षा के बिना हमें जीवन में सफलता प्राप्त नहीं हो सकती है। विशिष्ट अतिथि आरिफ खान एबीएस, मोहम्मद अली पठान, गुलाम हुसैन गौरी, रफीक चौहान, एडवोकेट इब्राहीम गौरी ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान अलाउद्दीन कुरैशी, हाजी शरीफ कुरैशी, जाफर खान डीके, अबास खान, भंवरू खान, मुफ्ती शफीक, मौलवी ज़ुबैर, आज़म गौरी, अल्ताफ खान, गफार खान, नावेद खान, मौलवी शौकत, मौलवी मूसा, महबूब खान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती इरशाद कासमी ने किया। प्रधानाध्यापक आवेश कुरैशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### लोक कलाकार सैनी को श्रद्धांजलि दी



**चूरू**, (कासं)। स्थानीय दादू भवन में मूमल लोक कला संस्थान चूरू की ओर से लोक संस्कृति से जुड़े ढ़प वादक व धमाल गायक दाराराम सैनी का असामयिक निधन होने के कारण बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर व पुष्प अर्पित कर स्व. सैनी को श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर एडवोकेट धनराज सैनी, लालचंद सैनी, विनोद ओझा, महावीर प्रसाद गहलोत, लोक कला संस्थान के अध्यक्ष सुजान सिंह खींची, संयोजक सुरेन्द्र बावलिया, नीरज गौड़, आदि ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दाराराम सैनी एक लोक कलाकार थे। उनके असामयिक निधन से लोक कला के क्षेत्र में जो क्षति हुई है, उनकी भरपाई होना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सैनी को हमेशा उनकी लोक कला के लिए याद रखा जाएगा। इस अवसर पर महेश मिश्रा, कुशाल सिंह चौहान, योगेश गौड़, सुरेश सैनी, गणेश सैनी, किशन सैनी, प्रमोद कुमार शर्मा, सोहनलाल शर्मा आदि ने सैनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### रक्तदान शिविर 18 को

**चूरू**, (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित जीवन रेखा अस्पताल व विप्र फाउंडडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 18 मई शनिवार को लगने वाले नि:शुल्क चिकित्सा जांच व रक्तदान शिविर की तैयारियां जोरों से चल रही हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन का काम अस्पताल में तेजी से चल रहा है। रजिस्ट्रेशन 7788899947 व 9460528849 मोबाईल नम्बर पर संपर्क करके करवाया जा सकता है। विप्र फाउंडडेशन के महामंत्री महेन्द्र शर्मा ने बताया कि शिविर में हार्ट, शुगर, बीपी, थायराइड, सिर दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, मलेरिया, डेंगू, कब्ज, टीबी, फेफड़ों में सुजन, अस्थमा, पीलिया बुखार जैसे अनेक रोगों से संबंधित चिकित्सक नि शुल्क जांच कर परामर्श देंगे। विप्र मीडिया जिला प्रभारी डॉ श्रवण महर्षि ने कहा है कि शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठावें।

### शर्मा राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित

**सीकर**, (निसं)। नर्सिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सोमवार को दी ट्रेन्ड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा द्वारा स्टेट लेवल अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किये गए। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राजस्थान टीएनएआई के अध्यक्ष डॉ जोगेन्द्र शर्मा व टीएनएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रॉय के जॉर्ज द्वारा राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ नर्सेज व शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान कर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। सीकर जिले से पवन शर्मा अकादमिक प्रभारी राजकीय नर्सिंग कॉलेज सीकर को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिये ट्रेन्ड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

# आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

**सादुलपुर**, (निसं)। सिद्धमुख थानान्तर्गत गांव गालड में लगभग 5-6 रोज पूर्व एक व्यक्ति द्वारा जहर खाने से मौत का मामले में नया मोड आ गया है। मृतक की गाडी में मिली डायरी में तीन पेज का सुसाईड नोट मिला है।

जिसमें मृतक द्वारा मरने से पूर्व सुसाईड नोट में लिखा है कि उनके भतीजे ने धोखा दिया है और 04 लाख रुपये 9 वर्ष से जीताराम पुत्र रतिराम चाहर निवासी डाबडी को दिये थे, जिसका मैं ब्याज भर रहा हूं और तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं।

वहीं सिद्धमुख थाने में दर्ज प्रकरण अनुसार थानाधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि गाडसिंह पुत्र श्योराम जाट उम्र 57 माल निवासी गालड पुलिस थाना सिद्धमुख ने रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया है कि 09 मई 2024 उसके भूपसिंह ने किसी परेशानी से जहर खा लिया था, जो शुरु में उन्हें गलती से पीया हुआ लगा था। तबीयत खराब होने पर भूपसिंह को पहले वे डाबडी और फिर जनसेवा धर्मार्थ अस्पताल उचाना ले गये तथा फिर तबियत खराब होने के कारण 13 मई 2024 को वे जिन्दल अस्पताल हिसार ले आये जहां 14 मई 2024 को सुबह 06 बजे के लगभग उनकी मृत्यु हो गई। आरोप है कि 13 मई 2024 को शाम के समय उसका भतीजा साहिल जब गाडी खडी कर रहा था, तब उसको डायरी के तीन पेज मिले। उसमें भूपसिंह ने लिखा है कि उनके भतीजे ने धोखा दिया है और 04 लाख रुपये 9 वर्ष से जीताराम पुत्र रतिराम चाहर निवासी डाबडी को दिये थे, जिसका मैं ब्याज भर रहा हूं और तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं। दर्ज मामले में बताया है कि उसके भाई ने परेशान होकर आत्महत्या की है। उक्त रुपयों का उसे भी पता था, परन्तु उसका भाई आत्महत्या जैसा कदम उठायेगा ये नहीं सोचा था। अत: रिपोर्ट करता हूं कि कानूनी कार्यवाही की जाये।

## समर इंग्लिश लैंग्वेज कोर्स आज से

**झुंझुनूं**,(निसं)। जिला प्रशासन झुंझुनूं तथा अन्ना फाउंडेशन के तत्वावधान में झुंझुनूं जिले के 229 आईसीटी लैब संचालित विद्यालयों में गर्मियों के अवकाश में अंग्रेजी भाषा में आधारभूत समझ विकसित करने के उद्देश्य से नवाचार की शुरूआत की गई है।

अन्ना फाउंडेशन के सचिव डॉ. कमल मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की प्रेरणा से जिले की सरकारी विद्यालयों के कक्षा नौ से बारह के विद्यार्थियों के लिए ये विशेष कोर्स शुरू किया गया है। इस कोर्स के तहत सभी स्मार्ट क्लास युक्त विद्यालयों में ये कक्षाएं 16 मई से अगले 45 दिनों तक चलेंगी। इस नवाचार में शिक्षा विभाग झुंझुनूं द्वारा अवकाश में भी अपने विद्यालयों में मंत्रालयिक कर्मचारियों को कोर्स संयोजक की भूमिका देने के साथ जिला शिक्षा अधिकारी के साथ सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भी मॉनिटरिंग की भूमिका निभाएंगे।

# शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सादुलपुर**, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर शहर में लगभग एक माह पूर्व हुई चोरी एक मोटरसाइकिल को बरामद करने की कार्रवाई की है। चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद कर उसे बुधवार को जेल भेज दिया है।

थाना अधिकारी पुर्ष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गिरफ्तार शातिर चोर नोहर, भादरा व सादुलपुर आदि क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो जाता है। नोहर थाना क्षेत्र के गांव भूकरका निवासी समित नायक उर्म 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस रिमांड में पूछताछ कर चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद करने की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि उक्त चोर आदतन अपराधी है व नशे का आदी है तथा मोटरसाइकिलों को चोरी कर हरियाणा एवं अन्य दूसरी जगह बेच देता है। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि 13 अप्रैल 2024 को विकास कुमार


बाइक चोर समित नायक।

■ **शहर में चोरी हुई मोटरसाइकिल की बरामद**

जाट उम्र 30 साल निवासी दुमकी पुलिस थाना सिद्धमुख ने मामला दर्ज करवाकर बताया था

कि 12 अप्रैल को वह अपने भाई नवीन की मोटरसाइकिल को लेकर सादुलपुर आया था तथा मोटरसाइकिल को पुरानी डीएसपी कोठी के पास वाली गली में खडी की थी। मोटरसाइकिल खडी कर करीब दोपहर 2 बजे फाइनेंस ऑफिस चला गया। वापस आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां पर नहीं मिली। काफी तलाश की गई लेकिन मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। पुलिस ने इस मामले में चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है।

# अनिल लाम्बा अध्यक्ष और खादिम अली मंत्री बने

**चूरू**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा चूरू का वार्षिक अधिवेशन बेगराज इशरान की अध्यक्षता और शुभकरण नैन के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ, जिसमें चुनाव अधिकारी रामनिवास मोगा थे।

प्रतिवेदन ब्लॉक मंत्री खादिम अली ने सदन के सामने पेश किया। मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां व वरिष्ठ शिक्षक नेता आरिफ खान ने सार्वजनिक शिक्षा के सामने आ रही चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए संगठन को मजबूत करने का आव्हान किया। वरिष्ठ शिक्षक नेता राजपाल दहिया, यूनुस खान, रणवीर मुनरिया, रतनगढ़ ब्लॉक के संयोजक बजरंग बीसु ने गैर शैक्षणिक कार्यों के बहिष्कार आंदोलन में चूरू उपशखा के कार्य की प्रशंसा करते हुए वर्तमान सत्र में रिकॉर्ड 1070 सदस्यता पर खुशी व्यक्त की। वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति को सार्वजनिक शिक्षा के लिए अहितकर बताया और कहा कि शिक्षा बचाने के लिए संगठन को संघर्ष के लिए तैयार होना होगा। सभाध्यक्ष बजरंग मील द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के घोषणा के बाद नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से हुआ। नवीन कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष बजरंग मील, उप सभाध्यक्ष मुबारिक खान, अध्यक्ष अनिल लाम्बा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश भाम्भू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बुडानिया, उपाध्यक्ष ग्रामीण भवानी सिंह राठौड़, संघर्ष समिति संयोजक कमल रक्षक, संगठन मंत्री असलम खान, सह संयोजक पूनमचंद रैगर, कोषाध्यक्ष शेरसिंह पूनिया, संयुक्त मंत्री पवन किशोर बरथवाल, कार्यालय मंत्री अजय गोदारा, मीडिया प्रभारी कृष्ण इशराण, उपाध्यक्ष महिला सुमित्रा, महिला मंत्री भंवरी मोगा, संरक्षक बेगराज इशराण, उपाध्यक्ष शहरी अयूब खान निर्वाचित हुए। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार सुंडा ने किया।

## गोल्ड मेडल मिलने पर बधाई दी

**उदयपुरवाटी**, (निसं)। कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थित टोडरमल पीजी महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में एम .ए. फाइनल राजनीति विज्ञान में अध्यनरत छात्रा अंकिता कुमावत पुत्री महेंद्र कुमावत रामपुरा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची में रामपुरा की अंकित कुमावत पुत्री महेंद्र कुमावत का भी नाम है। अंकित कुमावत को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर जहां उनके परिवार में जश्न का माहौल है वहीं उदयपुरवाटी टोडरमल पीजी महाविद्यालय की अध्यक्षा रंजना सिंह, सचिव पवन मिश्रा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फुलाराम कुमावत के अलावा महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सज्जन कुमार शर्मा, बाबूलाल सैनी, सरवन कुमार चौधरी, करतार सैनी, महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक प्रवीण कुमार शर्मा के अलावा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

## मारपीट का मामला दर्ज

**सादुलपुर**, (निसं)। सादुलपुर एफसीआई गोदाम कार्मिक द्वारा एक ट्रक चालक के साथ मारपीट करने के आरोप में बुधवार को पुलिस थाना राजगढ ने मामला दर्ज किया है। थाना अधिकारी पुर्ष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि आमिर खान तेली निवासी बांय तहसील तारानगर पुलिस थाना साहवा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 13 मई को भादरा से राजगढ के लिए अपने लोडिंग वाहन में गेहूं भरकर शाम 4 बजे राजगढ पहुंच गया था। शाम को 4.30 बजे उसने बिल्टी और गेट पास गार्ड के पास जमा करवा दी तथा गार्ड ने कहा कि आपकी गाडी का नंबर आएगा तो मैं आपको कॉल कर दूंगा।

दर्ज मामले में बताया कि गार्ड के कॉल करने पर 14 मई को लगभग दोपहर 3 बजे अपने वाहन को सादुलपुर एफ सी आई गोदाम के अंदर खडा करने गया तो गाडी खडी करने पर उसकी जान पहचान के ड्राइवर राहुल ने अपनी गाडी का कैलकुलेशन करने के लिए मुझे बुलाया तो मैं अपने फोन से कैलकुलेशन करना प्रारंभ किया। आरोप है कि उसी समय एफसीआई में कार्यरत एक कर्मचारी ने उसे पीछे से आवाज लगाई और जाति सूचक तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि वीडियो क्यों बना रहा है।

उसके पैर के ऊपर सरिया से प्रहार किया। जिसका उसने विरोध किया तो उसने कहा कि थाने में मेरी पहचान ओर जानकारी है, मेरा कुछ नहीं कर सकते। वहीं घटना के बाद एफ सी आई गोदाम में मामले ने तूल पकड लिया। चालक ने कहा कि उसका मोबाइल चेक करो अगर कोई वीडियो बनाया है तो वह दोषी है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या मुन्नी देवी आयु 63 साल निवासी वार्ड नं. 09 दर्जियो का मौहल्ला सिघांना तहसील बुहाना जिला झुन्झूनू राज0 ने अपने पुत्र मुकेश टेलर व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा देवी जो कि मेरी अभिभाष्या एवं उसके परिवार के कहने में नहीं है। ये मेरी अभिभाष्या के परिवार के मान सम्मान एंव प्रतिष्ठा पर खतरा बना हुआ है। गत कई दिनो से इसके आचरण एंव व्यवहार के कारण मेरी अभिभाष्या एंव उसके परिवारजनो को गहरा आघात पहुंचा है। इसलिये मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी तमाम चल अचल सम्पति घोषित अघोषित से तन मन से हर प्रकार से बेदखल कर दिया है। इसलिये उक्त मुकेश टेलर व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा देवी का मेरी अभिभाष्या के परिवार के किसी भी सदस्य से किसी प्रकार का सामाजिक धार्मिक, चल, अचल सम्पति से किसी प्रकार का कोई वैध सम्बन्ध ना तो रहा है एवं न ही रहेगा। अतः इनके किसी भी प्रकार का लेन देन संबधित व्यवहार रखने वाले स्वंय जिम्मेदार होगे। अतः सूचित रहे।

**श्री दिनेश कुमार भार्गव**
**एडवोकेट, बुहाना, राज.**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण किशोर पुत्र कालू उर्फ कालूराम, श्रीमती संतोष पत्नी श्री किशोर समस्त जाति खटीक निवासी वार्ड नं. 9 मौहल्ला ऊपरलाबास सिरोही तह. व जिला नीमकाथाना अपने पुत्र रमेश खटीक एवं पुत्रवधु श्रीमती शर्मिला जो कि मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं हैं। इनको पूर्व में भी मेरे अभिभाष्यगण के द्वारा हिदायते दी गयी थी। इन दोनो का व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति अच्छा नहीं हैं। इन दोनो के द्वारा मेरे अभिभाष्यगण की सेवा सुश्रुषा भी नहीं की जा रही हैं। इस कारण मेरे अभिभाष्यगण की पूर्व हिदायतों का पालन नहीं किये जाने, घर खर्चा, भात-पेच, बीमारी व कर्जे की राशि में हिस्सा नहीं देने एवं मेरे अभिभाष्यगण को अपमानित करने, मेरे पक्षकारगण की हिदायतों का पालन नहीं किये जाने से तथा पारीवारिक, सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक, मानसिक रूप से तंग, परेशान, अपमानित करने के कारण अपने पुत्र रमेश, पुत्रवधु श्रीमती शर्मिला तथा परिवारजन को अपनी स्वअर्जित सम्पूर्ण चल अचल सम्पति से बेदखल करते है। मेरे अभिभाष्यगण की सम्पूर्ण चल-अचल सम्पति से किसी भी प्रकार का कोई लेन देन, हिसाब किताब संव्यवहार आदि नहीं करें। सूचित रहें।

**चुन्नीलाल बबेरवाल, एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर नीमकाथाना, जिला नीमकाथाना**
**राजस्थान मो. नं. 9358348685, 9887860711**

## भागवत कथा के शुभारंभ पर शोभायात्रा निकाली


गोपालजी के मन्दिर से श्रीराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई।

**चूरू**, (कासं)। श्रीराम मंदिर में बजाज परिवार की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा के शुभारंभ पर बुधवार को गढ़ स्थित गोपालजी के मन्दिर से श्रीराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई।

डेडराज विनोद कुमार बजाज ने बताया कि शोभायात्रा में शिव परिवार, राम दरबार, हनुमान आदि की भव्य झांकिया सजाई गई। जो सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई व नाचती हुई कथा स्थल राम मन्दिर पहुंची। कथा वाचक सदानन्द महाराज ने वामन अवतार कथा में सुखदेव मुनि, ध्रुव, प्रह्लाद, मीरा, राम जन्म और सबरी के चरित्रों पर प्रवचन दिए। कथावाचक संत सदानंद महाराज ने बताया कि समाज में फैल रही कुप्रथा व कुरीतियों को खत्म करना होगा। मानव हित ही नहीं संपूर्ण जीव प्राणियों पर दया भाव रखने की जरूरत है। कथा के सुनने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हर व्यक्ति को कथा का श्रवण करना चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर पर प्रवक्ता शिव कुमार गोयनका, सुशील सरावगी, विजय बजाज, बजरंग बजाज, सुशील बजाज, हरीश बजाज, मुन्ना बजाज, अंजनी, श्रवण, रामोतार, सुरेश, मधु, मनीष, पवन, मेघराज, अनिल, रतन व शंकरलाल सोनी आदि मौजूद रहे। श्रीराम मंदिर में बजाज परिवार की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा के शुभारंभ पर बुधवार को गढ़ स्थित गोपाल जी के मन्दिर से श्रीराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई।

# बोर्ड परीक्षा में मेरिट आने पर विद्यालय ने निकाला विजयी जुलूस

### शाह सतनामजी बालिका स्कूल की छात्राओं ने हर साल की भांती फिर रचा इतिहास

**तारानगर**, (निसं)। राजस्थान के ग्रामीण अंचल में बसे व आजकल शिक्षा नगरी कहे जाने वाले तारानगर क्षेत्र के शाह सतनामजी बालिका स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम मेरिट के साथ शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय की प्रिंसिपल भारती इंसा ने बताया कि कक्षा 10 में कुल 22 छात्राएं थी जिसमें 17 छात्राओं ने मेरिट हासिल की है जिनमें प्रीति 95.40 प्रतिशत, नेहा 95 प्रतिशत, यचना 92.8 प्रतिशत, रेहा 90 प्रतिशत, निकिता 90 प्रतिशत, आस्था 87.6 प्रतिशत, भूमिका 87.6 प्रतिशत, खुशबु 86.4 प्रतिशत, अंजू 86.2 प्रतिशत, रितिका 85 प्रतिशत, अनुष्का 84.2 प्रतिशत, सिमरन 83.2 प्रतिशत, अलीशा 82 प्रतिशत, लिछमा 81.8 प्रतिशत, टीना 81 प्रतिशत, यशमीन 80 प्रतिशत सुफियत 80 प्रतिशत ने अंक हासिल किये हैं। इसी प्रकार 12 वीं कला वर्ग में कुल 5 छात्राएं थी जिसमें 4 ने मेरिट हासिल की है जिनमें प्रीति 92.2 प्रतिशत, सपना 91 प्रतिशत, ज्योति चारण 91 प्रतिशत, ख़ुशी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। इस प्रकार विद्यालय की बोर्ड कक्षाओं का मेरिट के साथ परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय की प्रिंसिपल भारती इंसा व डीएसपी मिनाक्षी ने छात्राओं का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया एवं विद्यालय द्वारा विजयी जुलुस के रूप में मुख्य मार्गों से होते हुए पूरे शहर में रैली निकाली गयी। बाजार के व्यापारियों ने पुष्प वर्षा के साथ रैली का जगह जगह भव्य स्वागत किया। डीएसपी मिनाक्षी ने कहा, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में इस संस्था की अहम भूमिका है और मेरा सौभाग्य है कि मुझे इन देश की भविष्य के साथ ख़ुशी में सरीक होने का अवसर मिला है। डीएसपी मिनाक्षी ने सभी छात्राओं को मेरिट में आने पर बधाई दी एवं उज्ववल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल भारती इंसा ने कहा स्कूल के लिए आज जो ख़ुशी का अवसर मिला है ये सब हमारे गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम की बदौलत ही है। ब भारती इंसा ने इस सब का श्रेय पूज्य गुरूजी व बच्चों की मेहनत को बताया। इस मौके पर राजवीर, आम्रपाली, प्रेमचंद, प्रभुदयाल दाताराम, प्रभुराम, इमिचंद, राजपाल, जगदीश, श्यामलाल, बादो, सरिता, पुष्पा, कृष्ण, स्कूल स्टाफ से रेखा, रीना, प्रवीण, अंजू, सोनिका, अलका, मनीषा, कांता, पूजा, दीपिका, अनू सहित बच्चों के अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

■ **सी.बी.एस.ई. बोर्ड की कक्षा 10 वीं में कुल 22 छात्राएं जिनमें 17 की मेरिट, कक्षा 12वीं कला वर्ग में कुल 5 छात्राएं जिनमें 4 की मेरिट**


मेरिट आने की खुशी में विजयी जुलूस निकाला।